# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 30 जुलाई 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. जयपुर में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी (GTCC) का सह-अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) नवीन महाजन

(B) राजेंद्र शर्मा

(C) तेजस्वी सिंह गहलोत

(D) इनमें से कोई नही

*♦ राजस्थान ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत को जयपुर में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) की गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी (GTCC) का सह-अध्यक्ष (Co-Chairman) नियुक्त किया गया है।*

*♦ यह नामांकन भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) द्वारा खेलो इंडिया इवेंट्स के अनुरोध पर किया गया है।*

*♦ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी पहली बार राजस्थान को सौंपी गई है।*

*♦ 15 से 25 अक्टूबर 2025 तक राजस्थान के जयपुर में होंगे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स*

01. राजस्थान में शुरू होने वाली गुरु गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास स्कीम में कितने आकांक्षी ब्लॉकों को चुना जाएगा?

(A) 23

(B) 54

(C) 41

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान में नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की तर्ज पर गुरु गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास स्कीम शुरू होने वाली है ♦ बजट घोषणा: 2025-26

♦योजना का कुल बजट- 75 करोड़

♦ नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की तर्ज पर इस योजना के तहत राज्य के प्रत्येक जिले में से एक पिछड़े ब्लॉक को चुना जाएगा, अर्थात इस योजना में कुल 41 आकांक्षी ब्लॉकों को चुना जाएगा।

♦ इन पिछड़े 41 ब्लॉकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि आधारभूत संरचना, कौशल विकास, सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देकर उन्हें विकसित ब्लॉक की श्रेणी में लाया जाएगा।

02. हाल ही में राजस्थान में किसके द्वारा"CRP Plus नीति 2025 को आधिकारिक रूप से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है?

(A) राजीविका

(B) राजफेड

(C) रीको

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा "CRP Plus नीति को आधिकारिक रूप से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

♦ यह नई नीति राजस्थान के स्वयं सहायता समूहों (SHGs) एवं समुदाय आधारित संगठनों (CBOs) के सशक्तिकरण तथा विस्तार के कार्य में एक महत्वपूर्ण कदम है।

♦ "सीआरपी प्लस नीति" का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में सबल और प्रभावी सामाजिक पुनर्निर्माण प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना है।

♦सीआरपी प्लस नीति के तहत 'विलेज सपोर्ट टीम' को प्रतिस्थापित कर सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (CRP Plus) की नई व्यवस्था लागू की जा रही है,

03. हरियाली तीज के अवसर पर राजस्थान के किस जिले ने सर्वाधिक पौधे लगाकर नया राज्य स्तरीय कीर्तिमान बनाया है?

(a) उदयपुर

(b) अजमेर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ हरियाली तीज पर जयपुर बना पौधरोपण में नंबर-1 जिला
जयपुर जिले ने 2 दिन में 42,02,139 पौधे लगाकर नया राज्य स्तरीय कीर्तिमान बनाया।

♦ हरियाली तीज के अवसर पर यह अभियान मिशन हरियालो राजस्थान के तहत चलाया गया।

♦ प्रदेश के 41 जिलों में जयपुर प्रथम स्थान पर रहा।
मिशन हरियालो राजस्थान के अंतर्गत 5 साल में कुल 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

♦ वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक पौधे लगाने वाले टॉप 3 जिले –
1. जयपुर – 63.14 लाख 2. जैसलमेर – 31.13लाख 3. उदयपुर – 30.71 लाख

04. राजस्थान में 29 जुलाई को ग्लोबल टाइगर डे अवसर पर राजस्थान में बाघिन "मछली" (टी-16) का भव्य स्मारक का अनावरण कहां किया गया?

(A) रणथंभौर टाइगर रिजर्व

(B) सरिस्का टाइगर रिजर्व

(C) रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ ग्लोबल टाइगर डे, 29 जुलाई के अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने रणथंभौर टाइगर रिजर्व की बाघिन "मछली" (टी-16) का रणयम्भौर में भव्य स्मारक का अनावरण किया।

♦ रण्यम्भौर टाईगर रिजर्व क्षेत्र को आबाद करने में बाघिन मछली (टी-16) की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 5 बार शावको को जन्म दिया, देश में टाईगर का यह द्वितीय स्मारक है।

♦ रणथम्भौर की सबसे प्रसिद्ध बाघिन मछली (टी-16) का जन्म 1997 में हुआ। अपने चेहरे पर मछली जैसी आकृति के कारण उसे यह नाम मिला

♦ 2016 में लगभग 19 वर्षों की आयु में मछली का देहांत हुआ, बाघिन मछली के जीवन पर बनी डॉक्यूमेंट्री "द वर्ड्स मोस्ट फेमस टाइगर" को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

♦ वर्ष 2013 में भारत सरकार ने मछली पर स्मारक डाक टिकट जारी कर उसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया।

**05. राजस्थान में परिवहन व्यवस्था को अधिक मजबूत एवं यात्रियों के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम का शुभारंभ किसने किया?**

(a) प्रेमचंद बैरवा

(b) भजनलाल शर्मा

(c) दीया कुमारी

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➡ उप मुख्यमंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा ने प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को अधिक मजबूत एवं यात्रियों के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम का शुभारंभ किया।

♦ इस परियोजना के माध्यम से प्रदेश में संचालित सार्वजनिक सेवा के वाहनों की रीयल टाइम निगरानी एवं यात्री सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

♦लाइव लोकेशन ट्रैकिंग एवं पैनिक बटन से बढ़ेगी यात्री सुरक्षा इस सिस्टम के तहत प्रत्येक सार्वजनिक सेवा वाहन में जीपीएस आधारित डिवाइस लगाकर कमांड एवं कण्ट्रोल सेंटर द्वारा वाहन की लाइव लोकेशन ट्रैक की जा सकती है।

♦ प्रदेश में लगभग 2.5 लाख सार्वजनिक सेवा वाहनों पर यह डिवाइस एवं पैनिक बटन लगाए जाएंगे।

06. भारत में होगा होने वाले महिला कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 में भारतीय टीम ने राजस्थान से कौन शामिल होगी?

(a) निधि शर्मा

(b) दिव्या वर्मा

(c) सपना शर्मा

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ महिला कबड्डी विश्व कप 13 वर्षों के अंतराल के बाद वापसी कर रहा है।

✓ राजस्थान से एकमात्र संभावित खिलाड़ी – निधि शर्मा

♦ पहला संस्करण पटना में 2012 में हुआ था। उस वक्त भारत चैंपियन बना था

♦ पहला संस्करण – 2012, पटना (भारत ने ईरान को हराकर खिताब जीता)

♦ Women's Kabaddi World Cup: भारत में दूसरा महिला कबड्डी विश्व कप का आयोजन 3 से 10 अगस्त तक हैदराबाद के गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा

**07. हाल ही में राजस्थान की उमा चौधरी विश्व पुलिस खेल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ज्वैलिन थ्रो (भाला फेंक) में कौनसा पदक जीता है?**

(A) रजत पदक

(B) कांस्य पदक

(C) स्वर्ण पदक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ उमा चौधरी (जोधपुर) – भारत की स्वर्णिम भाला फेंक चैंपियन 🥇

♦ विश्व पुलिस खेल एथलेटिक्स प्रतियोगिता – अमेरिका

♦ ज्वैलिन थ्रो (भाला फेंक) में 47.86 मीटर का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

♦ 🔹 वर्तमान पदस्थापन:

👉 केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), भोपाल में कार्यरत।

08. विदेशी शिक्षण संस्थानों से अनुबंध करने वाला राजस्थान का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय कौनसा है?

(a) मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय

(b) जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय

(c) वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ विदेशी शिक्षण संस्थानों से अनुबंध करने वाला राजस्थान का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय – वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय (VMOU) कोटा

♦यूजीसी ने VMOU को समाज विज्ञान और मानविकी के क्षेत्र में विदेशी संस्थानों के साथ शैक्षिक अनुबंध करने की अनुमति दी है

♦राजस्थान का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय, जिसे यह अनुमति मिली, यह विश्वविद्यालय मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा भी प्रदान करता है.

- कुलगुरु – प्रो. कैलाश सोडाणी
- 2023 में नैक से 'A' ग्रेड प्राप्त

09. हाल ही में बिहार में कहां पर बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मारक स्तूप बनाया गया है?



(A) वैशाली

(B) पटना

(C) गया

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय और स्मारक स्तूप

बिहार के वैशाली जिले के वैशालीगढ़ में एक नया बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मारक स्तूप बनाया गया है।

♦मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसका उद्घाटन करेंगे।

♦550 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 72 एकड़ भूमि पर निर्मित।

♦यह संरचना पुष्करणी तालाब और प्राचीन मिट्टी के स्तूप के पास स्थित है।

♦पूर्णतः पत्थर से निर्मित – इसमें सीमेंट, ईंट या कंक्रीट का उपयोग नहीं किया गया है।

10. भारत का पहला हिंदी मेडिकल कॉलेज' किस राज्य में खोला जाएगा?

(A) मध्यप्रदेश

(B) राजस्थान

(C) उत्तरप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ मध्य प्रदेश में पहली बार खुलेगा 'हिंदी मेडिकल कॉलेज'
मध्य प्रदेश के जबलपुर में भारत का पहला हिंदी माध्यम MBBS कॉलेज खुलेगा।

♦यह कॉलेज 2027-28 के शैक्षणिक सत्र में शुरू होगा।

♦सभी चिकित्सा शिक्षा, परीक्षाएँ और नैदानिक प्रशिक्षण पूरी तरह से हिंदी में आयोजित किए जाएँगे।

♦नया अस्पताल बनाने के स्थान पर छात्र जबलपुर स्थित मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में प्रशिक्षण लेंगे।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान के किस जिले में अमृता देवी इंडिजिनस प्लांट म्यूजियम बनाया जाएगा?**

(A) पाली

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine